# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

# आकाशवाणी चंडीगढ़

# (तिथि 19 मई  2026, समय 18:10)

## मुख्य समाचार

- हरियाणा सरकार ने राज्य में ईंधन बचाने और पर्यावरण की रक्षा के लिए बड़ा अभियान शुरू किया - सरकारी विभागों को अनावश्यक सरकारी दौरे न करने और सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं का प्रयोग करने की सलाह दी ।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने, ईंधन की बचत, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूकता फैलाने  के लिए साईकल यात्रा की - सुखना झील पर लोगों को ईंधन की खपत काम करने के लिए प्रेरित किया ।

- केन्द्रीय सड़क, परिवहन, और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छह मार्गीय ,एक्सेस नियंत्रित  डी. एन. डी सोहना  राजमार्ग का निरीक्षण किया ।

- हरियाणा सरकार ने बिगड़ते लिंग अनुपात को लेकर चार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों को निलंबित किया ।

- कैथल जिले के कस्बा कलायत में तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत ।

************************************************************
**********

हरियाणा सरकार ने पूरे राज्य में ईंधन बचाने और पर्यावरण की रक्षा के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर अमल करते हुए राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव और वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी उपायुक्तों और सरकारी विभागों को भेजे विस्तृत संदेश भेज कर सरकारी कामकाज में ईंधन बचाने के तरीकों को बढ़ावा देने की सलाह दी है। उन्होंने अधिकारियों को भविष्य में सरकारी खरीद में इलेक्ट्रिक और ईंधन बचाने वाली गाड़ियों को प्राथमिकता देने, अनावश्यक सरकारी दौरे, हवाई यात्रा और विदेश यात्राओं को कम करने और ईंधन की बचत के लिए कई सरकारी कामों को एक ही यात्रा में पूरा करने को कहा है।

डॉ. मिश्रा ने कहा है कि अधिकारी व कर्मचारी आने-जाने के लिए अपनी निजी गाड़ियों के बजाय मेट्रो, बस और रेल जैसी सार्वजनिक परिवहन सुविधा का ज़्यादा से ज़्यादा इस्तेमाल करें। अधिकारियों को यह भी सलाह दी गई है कि वे अपने सहकर्मियों और आस-पास रहने वाले लोगों के साथ कारपूलिंग और राइड-शेयरिंग करें। विभागों को सलाह दी गई है कि वे साझा यात्रा की व्यवस्था को आसान बनाने के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और WhatsApp ग्रुप का इस्तेमाल करें।

स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार जीवनशैली के महत्व पर ज़ोर देते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा है कि यहाँ भी संभव हो, कम दूरी की यात्रा के लिए पैदल चलें या साइकिल का इस्तेमाल करें।

इसके अलावा अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठकों को प्राथमिकता देने व, सरकारी परिसरों में रहने वाले कर्मचारियों को अपने घरों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन के लिए PNG का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज ईंधन की बचत, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए साइकिल यात्रा की।

मुख्यमंत्री सुबह चंडीगढ़ की सुखना झील पहुंचे, जहां उन्होंने सुबह की सैर के लिए आए लोगों से बातचीत की और 'स्वस्थ भारत, स्वस्थ हरियाणा' का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा वैश्विक स्थिति और मध्य-पूर्व में हो रहे घटनाक्रमों को देखते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से इलेक्ट्रिक वाहनों और सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं का प्रयोग कर अनावश्यक ईंधन की खपत कम करके ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की है। हरियाणा सरकार ने भी प्रधानमंत्री की अपील के जवाब में राज्य स्तर पर एक 'मानक संचालन प्रक्रिया' जारी की है। इसके तहत, वर्चुअल बैठकों को प्रोत्साहित करने, घर से काम करने के विकल्पों को बढ़ावा देने और सरकारी वाहनों का अनावश्यक प्रयोग न करने के निर्णय लिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों को इस पहल से जोड़ने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने विपक्ष से भी राजनीति से ऊपर उठकर, विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री के संकल्प को मजबूत करने में लोगों के साथ मिलकर काम करने की अपील की।

************************************************************

**********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

****************************************************************
**********

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज छह-मार्गीय एक्सेस-नियंत्रित डीएनडी-सोहना राजमार्ग संख्या-148 एनए का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए, श्री गडकरी ने कहा -

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार ने दुर्घटनाओं में घायल लोगों को बचाने के लिए राहवीर योजना शुरू की है।

इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, अजय टम्टा, कृष्ण पाल गुर्जर, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद और विधायक उपस्थित रहे।

****************************************************************
**********

हरियाणा सरकार ने बिगड़ते लिंगानुपात को लेकर सख्त प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए चार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इन अधिकारियों पर कथित तौर पर खराब प्रदर्शन और लिंगानुपात में सुधार से जुड़े उपायों की प्रभावी निगरानी करने में विफलता का आरोप है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, निलंबित अधिकारियों में सोनीपत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरखास में तैनात एस एम ओ डॉ. टीना आनंद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में तैनात एस एम ओ डॉ. विजय परमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी में तैनात एस एम ओ डॉ. सतपाल, और

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहलांग में तैनात चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभा शामिल हैं। निलंबन की अवधि के दौरान, ये चारों अधिकारी रोहतक, अंबाला, झज्जर और रेवाड़ी के सिविल सर्जन कार्यालयों से संबद्ध रहेंगे।इन अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

************************************************************
**********

कैथल जिले के कस्बा कलायत में आज सुबह कपिल मुनि तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। मृतक युवतियों की पहचान 18 वर्षीय परमजीत और 20 वर्षीय पलक के रूप में हुई है। दोनों कलायत की ही रहने वाली थी।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही गोताखोरों को भी बुलाया गया और तालाब में लड़कियों की तलाश शुरू की गई। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद दोनों युवतियों को तालाब से बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस में कैथल के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

************************************************************
**********

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुष विभाग पलवल द्वारा आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पीटीआई एवं डीपीआई को योग प्रशिक्षण दिया गया।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. हमीदुल्ला ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से 21 जून को मनाए जाने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

*************************************************************
**********

जींद के संत सेन भगत राजकीय महाविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी  राज नेहरू ने आज मेधावी छात्र-छात्राओं को डिग्रियां व पदक वितरित किए।

समारोह के समापन के बाद मीडिया से  बातचीत करते हुए श्री राज नेहरू ने महाविद्यालय की सराहना की।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा -

*************************************************************
**********